**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 01.09.2025 समय : 1905

**<><><><><><><>**

- शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आतंकवाद पर कड़ा रूख अपनाते हुए कहा कि यह क्षेत्रीय शांति के लिए सबसे बड़ा खतरा है।
- अंडमान और निकोबार प्रशासन ने प्लास्टिक, कांच और ई–वेस्ट के परिवहन पर मालवाहन शुल्क में छूट योजना की अवधि बढ़ाई।
- दक्षिण अंडमान के श्री विजयपुरम में ट्रैफिक सुधार के लिए दो सड़को पर वन–वे नियम लागू।
- अंडमान–निकोबार में शतरंज का नया कीर्तिमानः बाईस खिलाड़ियों को मिली फिडे रेटिंग।

**<><><><><><><>**

चीन के तियानजिन में शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आतंकवाद को मानवता के लिए एक बड़ी चुनौती बताते हुए कहा कि आतंकवाद के सभी रूपों की निंदा की जानी चाहिए। उन्होंने कहा आतंकवाद पर दोहरा मापदंड अस्वीकार्य है। प्रधानमंत्री ने कहा कि एससीओ के लिए भारत का दृष्टिकोण और नीति तीन महत्वपूर्ण स्तंभों – सुरक्षा, संपर्क और अवसर – पर आधारित है। श्री मोदी ने एससीओ शिखर सम्मेलन के दौरान रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ विचारों का आदान–प्रदान भी किया। तियानजिन संयुक्त घोषणा पत्र के माध्यम से सदस्य देशों ने एक सशक्त और एकजुट संदेश देते हुए इस वर्ष बाईस अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने पीड़ितों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और इस जघन्य कृत्य के अपराधियों, आयोजकों और प्रायोजकों को न्याय के कटघरे में लाने पर जोर दिया।

**बाईट–पी एम– 26 से0**

**<><><><><><><>**

अंडमान और निकोबार प्रशासन ने "अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के लिए प्लास्टिक, कांच और ई–वेस्ट के परिवहन पर मालवाहन शुल्क में छूट" योजना की अवधि को दो वर्षों के लिए बढ़ा दिया है। अब यह योजना इकतीस अगस्त दो हजार सत्ताईस तक प्रभावी रहेगी। यह योजना पहले अंडमान और निकोबार गजट अधिसूचना संख्या एक सौ नौ के तहत अटठाईस जून दो हजार सोलह को अधिसूचित की गई थी। अब इसकी अवधि में विस्तार के साथ, इसके तहत विभिन्न व्यापारिक और पर्यावरणीय कार्यों को बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे इन सामग्रियों के परिवहन पर मालवाहन शुल्क से मुक्ति मिल सकेगी। अधिसूचना में यह भी स्पष्ट किया गया है कि योजना के सभी अन्य नियम और शर्तें, जो पहले लागू थीं, वही लागू रहेंगी और योजना के कार्यान्वयन में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। इस योजना के विस्तार से अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में प्लास्टिक, कांच और ई–वेस्ट के उचित और पर्यावरणीय तरीके से प्रबंधन में मदद मिलेगी, और साथ ही व्यापारियों को भी इस अवधि में शुल्क से राहत मिलेगी।

**<><><><><><><>**

पितृपक्ष के पावन अवसर पर चिन्मय मिशन, श्री विजयपुरम द्वारा श्रीमद् भागवत सप्ताह कथा का आयोजन सात सितंबर से चौदह सितंबर दो हजार पच्चीस तक मिशन सभागार में किया जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन श्रद्धालुओं के लिए भक्ति, सेवा और ज्ञान का अनुपम संगम होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ रविवार को सुबह साढ़े सात बजे कलश यात्रा के साथ होगा। अगले दिन आठ सितंबर से तेरह सितंबर तक प्रतिदिन शाम चार से आठ बजे तक कथा का वाचन किया जाएगा। कथा में भगवान श्री कृष्ण की दिव्य लीलाओं का वर्णन किया जाएगा। चौदह सितंबर को सुबह दस बजे पूर्णाहुति होमम् के आयोजन के पश्चात भजन और अन्नदानम के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। चिन्मय मिशन ने सभी भक्तों एवं नगर वासियों से अनुरोध किया है कि वे इस दिव्य अनुष्ठान में भाग लेकर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करें और अपने पितरों के प्रति श्रद्धा व्यक्त करें।

**<><><><><><><>**

दक्षिण अंडमान के जिलाधिकारी ने मोटर वाहन अधिनियम उन्नीस सौ अठासी के तहत कार्रवाई करते हुए, श्री विजयपुरम क्षेत्र की दो मुख्य सड़कों को "वन–वे", यानी एकतरफा मार्ग घोषित किया है। यह निर्णय

ट्रैफिक भीड़ को कम करने और वाहन चालकों की सुविधा के लिए जनहित में लिया गया है। अब सभी वाहन चालक आर बी वी जंक्शन से प्रवेश करेंगे और मिताली बुक स्टोर से निकास होगा। दूसरी सड़क चेन्नई स्टोर, जंगलीघाट से डीन स्ट्रीट, वी आई पी रोड की ओर जाने वाली सड़क भी एकतरफा कर दी गई है। अब इस मार्ग में प्रवेश चेन्नई स्टोर की ओर से होगा और निकास डीन स्ट्रीट की ओर से रहेगा। यह नियम सुबह सात से रात आठ बजे तक प्रभावी रहेगा, और इसमें दोपहिया और आपातकालीन वाहनों को छूट दी गई है। जिलाधिकारी ने आम जनता से अपील की है कि वे इन परिवर्तनों का पालन करें, ताकि ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू बनी रहे और दुर्घटनाओं से बचाव हो सके।

<><><><><><><>

अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में पहली इंटरनेशनल ओपन फिडे रेटिंग टूर्नामेंट में बाईस खिलाड़ियों ने अपनी पहली फिडे रेटिंग प्राप्त की। इस वर्ष तेईस अगस्त से अटठाईस अगस्त तक श्री विजयपुरम में आयोजित इस टूर्नामेंट में युवा खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन दिया। इनमें से उन्नीस खिलाड़ी युवा हैं, जो शतरंज के भविष्य को लेकर आशावान हैं। इस उपलब्धि के साथ, अंडमान और निकोबार शतरंज संघ ने अखिल भारतीय शतरंज महासंघ और स्थानीय प्रशासन का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने इस ऐतिहासिक टूर्नामेंट को सफल बनाने में सहयोग दिया।

<><><><><><><>

खेल एवं युवा मामले विभाग ने राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह में विशेष खेल का आयोजन किया। वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयोजित तीन सौ मीटर स्पीड वॉक, एक किमी वॉक, साइकिलिंग और योग जैसी प्रतियोगिताओं का उद्घाटन खेल विभाग के सहायक निदेशक बिश्वनाथ सेन ने किया। कार्यक्रम का उद्देश्य सक्रिय वृद्धावस्था को बढ़ावा देना और वरिष्ठ नागरिकों को खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित करना था। प्रतियोगिताओं के समापन अवसर पर विजेताओं को ट्रॉफी और पदक प्रदान किए गए। उन्नीस से इकतीस अगस्त तक आयोजित ये कार्यक्रम द्वीपसमूह में खेलों और फिटनेस को बढ़ावा देने में सफल रहा।

<><><><><><><>

एम.वी. स्वराजद्वीप तीन सितंबर को श्री विजयपुरम से मायाबन्दर होते हुए कोलकाता के लिए प्रस्थान करेगा। यात्रियों को सुबह छह से सात बजे के बीच जहाज में चढ़ाया जाएगा। कल दोपहर दो बजे से चार बजे के बीच माल लदान किया जाएगा। यात्रियों से अनुरोध है कि वे निर्धारित समय से पहले पहुंचे।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गई है। केंद्र शासित प्रदेश के प्रमुख स्थानों पर वायुसेना केन्द्र कार निकोबार में चौबीस दशमलव दो मिमी, श्री विजयपुरम में उन्नीस दशमलव छ, मायाबंदर में सत्रह, कार निकोबार में पन्द्रह, ननकौड़ी में चौदह दशमलव दो, लॉन्ग आइलैंड् में आठ और हट बे में चार मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई। तीन से छ सितंबर तक अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह के अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश जारी रहने की संभावना है। मछुवारों को सलाह दी जाती है कि वे गहरे समुद्र में ना जाएं।

<><><><><><><>